दिनांक 7 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

गोबर से बनेगी की खाद एवं गैस, गोबर गैस का होटलों में किया जाएगा उपयोग

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी स्वच्छता के मामले में शहर को बेहतर बनाने के लिए नित्य नए प्रयोग के लिए जाने जाते हैं उन्होंने प्रायोगिक तौर पर गोबर गैस टैंक निर्माण कर उचित जगह स्थापित करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए थे जिसका पालन करते हुए खराब पड़े हुए पुराने टैंक को गोबर गैस टैंक के रूप में परिवर्तित कर दिया गया है , अब इस टैंक का उपयोग से तरल पदार्थ का खाद बनाने एवं गैस का उपयोग भोजन बनाने के लिए किया जाएगा!

घनी आबादी के चारों ओर से घिरा हुआ पावर हाउस के समीप स्थित जवाहर मार्केट जहां पर फल मार्केट एवं सब्जी मार्केट भी लगता है वहां पर स्थापित कर दिया गया है पहले से यहां पर तीन टंकियों की सहायता से आन साइट कंपोस्टिंग की स्थापना की जा चुकी है जहां पर बाजारों से निकलने वाले सब्जियों ,फलों आदि गीले कचरे के अवशेष के उपयोग से खाद निर्माण किया जा रहा है!

गोबर गैस टैंक की पद्धति में सर्वप्रथम घोला हुआ गोबर टंकी में डाला जाएगा गैस में परिवर्तित होने पर लगे हुए नोजल पाइप के माध्यम से होटलों में निर्धारित दर पर प्रदाय किया जाएगा जिससे नाश्ता, भोजन आदि बनाया जा सकता है , ओवरफ्लो होने के पश्चात घुला हुआ गोबर जो कि तरल पदार्थ के रूप में होगा स्वयं ही निकासी द्वार से बाहर चला जाएगा जिसका उपयोग आन साइट कंपोस्टिंग की टंकियों में बन रहे खाद में मिश्रण किया जाएगा जो कि बहुत किफायती खाद के रूप में प्रयुक्त हो सकता है!

आज आयुक्त महोदय के निर्देश पर इसका निरीक्षण स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली द्वारा किया गया जिनके साथ स्वच्छता निरीक्षक जगरनाथ कुशवाहा आदि मौजूद रहे!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!